# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email-jdamc-jod-rj@nic.in osc&lkbZV jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/265635-7 Fax 021-2612086


क्रमांक /बैठक/2023 / 2478 दिनांकः– 14.08.2023

## बैठक कार्यवाही विवरण

जोधपुर विकास प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 30 सितम्बर 2022 के प्रस्ताव संख्या 17 में लिये गये निर्णय एंव उक्त निर्णय का प्राधिकरण की बैठक दिनांक 17 अक्टूबर, 2022 के प्रस्ताव संख्या 3 द्वारा किये गये अनुमोदन की पालना में प्राधिकरण के कार्यालय आदेश क्रमांक एफ–21/स्थापना/2022/4226–4232 दिनांक 7 नवम्बर 2022 द्वारा गठित भूमि एंव सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक श्री देवेन्द्र कुमार, आयुक्त महोदय एंव अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 07 अगस्त 2023 को प्राधिकरण कार्यालय में सायं 04.00 बजे अयोजित की गई। उक्त बैठक में उपस्थित सदस्यों/अधिकारीयों का विवरण परिशिष्ट–1 पर सलंग्न है।

प्रस्ताव संख्या 1 :: **ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में साइंस सिटी जोधपुर हेतु रकबा 161877.78 वर्गमीटर (40 एकड) भूमि आवंटन बाबत्।**

| क.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में साइंस सिटी जोधपुर हेतु भूमि आवंटन की अभिशंषा की गई है। |

अतिरिक्त मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान सरकार द्वारा आवंटन नीति–2015 के प्रावधानों के अनुरूप प्रपत्र–स एवं परिशिष्ट–1 में आवेदन पेश कर ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में साइंस सिटी जोधपुर हेतु रकबा 161877.78 वर्गमीटर (40 एकड) भूमि आवंटन की मांग की गई है।

पटवारी की रिपोर्ट अनुसार ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 रकबा 469–08–13 बीघा किस्म गै. गोचर राजस्व जमाबंदी अनुसार उक्त भूमि का स्वामित्व जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर के नाम दर्ज है।

आयोजना शाखा की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि का एमडीपी 2031 अनुसार भू–उपयोग फेस्टिवल सिटी है। फेस्टिवल सिटी डीसीआर अनुसार साइंस सिटी का पृथक से उल्लेख नही है किन्तु ऑडिटोरियम, आर्ट गैलरी, म्यूजियम इत्यादि को 24 मी. व अधिक मार्गाधिकार पर व Governmental use on all roads after approval from competent authority दर्शाया है।

विधि शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरे में कोई भी वाद लंबित नही है।

उजर एतराज हेतु प्राधिकरण की वेबसाईट पर दिनांक 22/03/2023 को अपलोड किया गया। अपलोड समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

उजर एतराज/आपत्ति हेतु प्राधिकरण की वेबसाईट पर दिनांक 20/06/2023 को अपलोड किया गया था अपलोड समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।

अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट अनुसार ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 कुल रकबा 161877.78 वर्गमीटर (40 एकड) की पत्रावली अवाप्ति शाखा में विचाराधीन नही है।



Scanned with OKEN Scanner

अतः ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में साइंस सिटी हेतु 161877.78 वर्गमीटर (40 एकड) भूमि आवंटन हेतु प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाए जाने वास्ते प्रकरण प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पति निस्तारण समिति के समक्ष उचित निर्णयार्थ पेश है।

## निर्णय

अतिरिक्त मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान सरकार द्वारा आवंटन नीति–2015 के प्रावधानों के अनुरूप प्रपत्र–स एवं परिशिष्ट–1 में आवेदन पेश कर ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में साइंस सिटी जोधपुर हेतु रकबा 161877.78 वर्गमीटर (40 एकड) भूमि आवंटन की मांग की गई है।

| क्र.स | निर्णय | जिनके द्वारा पालना की जानी है। |
|---|---|---|
| 01. | ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में साइंस सिटी जोधपुर हेतु 161877.78 वर्गमीटर (40 एकड) भूमि निःशुल्क आवंटित करने की अभिशंषा सहित प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाया जावे। | उपायुक्त जोन–5 |
| 02. | राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात प्राधिकरण की जी.आई.एस. लेब में कमिटमेन्ट दर्ज किया जावे। | निदेशक आयोजना |

**प्रस्ताव संख्या 2 :: ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी हेतु रकबा 30 बीघा भूमि आवंटन बाबत्।**

| क.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी हेतु भूमि आवंटन की अभिशंषा की गई है। |

ग्रुप कमाण्डर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जोधपुर द्वारा आवंटन नीति–2015 के प्रावधानों के अनुरूप प्रपत्र–स एवं परिशिष्ट–1 में आवेदन पेश कर ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी हेतु रकबा 30 बीघा भूमि आवंटन की मांग की गई है।

शासन सचिव स्कुल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय, पचांयतीराज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग राजस्थान सरकार द्वारा एनसीसी मुख्यालय विभाग को शीघ्र भूमि आवंटन करवाने हेतु पत्र प्रस्तुत किया है।

पटवारी की रिपोर्ट अनुसार ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 रकबा 469–08–13 बीघा किस्म गै. गोचर राजस्व जमाबंदी अनुसार उक्त भूमि का स्वामित्व जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर के नाम दर्ज है।

आयोजना शाखा की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि का एमडीपी 2031 अनुसार भू–उपयोग फेस्टिवल सिटी है। फेस्टिवल सिटी डीसीआर अनुसार सरकारी उपयोग का पृथक से उल्लेख है जिसमें on all roads after approval from competent authority दर्शाया है।

विधि शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरे में कोई भी वाद लंबित नही है।

उजर एतराज हेतु प्राधिकरण की वेबसाईट पर दिनांक 16/06/2023 को अपलोड किया गया। अपलोड समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट अनुसार ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 कुल रकबा 30 बीघा भूमि की पत्रावली अवाप्ति शाखा में विचाराधीन नही है।

अतः ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी हेतु रकबा 30 बीघा भूमि आवंटन हेतु प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाए जाने वास्ते प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पति निस्तारण समिति के समक्ष उचित निर्णयार्थ पेश है।

## निर्णय

ग्रुप कमाण्डर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जोधपुर द्वारा आवंटन नीति–2015 के प्रावधानों के अनुरूप प्रपत्र–स एवं परिशिष्ट–1 में आवेदन पेश कर ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी हेतु रकबा 30 बीघा भूमि आवंटन की मांग की गई है।

| क्र.स | निर्णय | जिनके द्वारा पालना की जानी है। |
|---|---|---|
| 01. | ग्राम बडली के खसरा संख्या 5/1 में एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी हेतु रकबा 30 बीघा भूमि निःशुल्क आवंटित करने की अभिशंषा सहित प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाया जावे। | उपायुक्त जोन–5 |
| 02. | राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात प्राधिकरण की जी.आई.एस. लेब में कमिटमेन्ट दर्ज किया जावे। | निदेशक आयोजना |

प्रस्ताव संख्या 3 :: **ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में ओड राजपूत समाज संस्थान जोधपुर को छात्रावास हेतु रकबा 4000 वर्गमीटर भूमि आवंटन बाबत्।**

| क.स. | **प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा** | **प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव** |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में ओड राजपूत समाज संस्थान जोधपुर को छात्रावास हेतु भूमि आवंटन की अभिशंषा की गई है। |

अध्यक्ष, ओड राजपूत समाज संस्थान जोधपुर द्वारा आवंटन नीति–2015 के प्रावधानों के अनुरूप प्रपत्र–अ एवं परिशिष्ट–1 शपथ पत्र मय चैक लिस्ट में आवेदन पेश कर ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में ओड राजपूत समाज संस्थान जोधपुर को छात्रावास हेतु रकबा 4000 वर्गमीटर भूमि आवंटन की मांग की गई है।

ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में समाजो/संस्थानो के लिए प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 23.01.2023 के प्रस्ताव संख्या 05 के निर्णयानुसार भूमि चिन्हित करने का निर्णय लिया गया। ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में भूमि आवंटन हेतु निम्न शाखा की रिपोर्ट ली गयी जो निम्नानुसार है:–



Scanned with OKEN Scanner

पटवारी की रिपोर्ट अनुसार ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 रकबा 521–15 बीघा किस्म गै.मु. छीतर में से जरिये पत्रांक 689 दिनांक 18.02.2005 द्वारा 481–15 बीघा भूमि नगर सुधार न्यास जोधपुर के नाम दर्ज हुई।

विधि शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरे में विभिन्न वाद लंबित है परन्तु कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 23.01.2023 में निदेशक विधि द्वारा अवगत करवाया गया कि प्रश्नगत खसरे की भूमि के संबंध में मात्र नोटिस प्राप्त हुआ है तथा स्थगन आदेश नही है।

उजर एतराज हेतु प्राधिकरण की वेबसाईट पर विभिन्न संस्थाओ को भूमि आवंटन हेतु अपलोड किया गया। अपलोड समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट अनुसार ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 कुल रकबा 521–15 बीघा भूमि की पत्रावली अवाप्ति शाखा में विचाराधीन नही है।

आयोजना शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त भूमि का भू–उपयोग एम.डी.पी–2031 अनुसार festival city/ tourist facilites में आरक्षित है MDP-2031 DCR अनुसार उक्त भू–उपयोग में 18 मी. व अधिक मार्गाधिकार में cultural center, religious buildings, community center etc. अनुज्ञेय हैं।

अतः ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में ओड राजपूत समाज संस्थान जोधपुर को छात्रावास हेतु रकबा 1000 वर्गमीटर भूमि आवंटन हेतु प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाए जाने वास्ते प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पति निस्तारण समिति के समक्ष उचित निर्णयार्थ पेश है।

## निर्णय

अध्यक्ष, ओड राजपूत समाज संस्थान जोधपुर द्वारा आवंटन नीति–2015 के प्रावधानों के अनुरूप प्रपत्र–अ एवं परिशिष्ट–1 शपथ पत्र मय चैक लिस्ट में आवेदन पेश कर ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में ओड राजपूत समाज संस्थान जोधपुर को छात्रावास हेतु रकबा 4000 वर्गमीटर भूमि निःशुल्क आवंटन की मांग की गई है।

| क्र.स | निर्णय | जिनके द्वारा पालना की जानी है। |
|---|---|---|
| 01. | ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में ओड राजपूत समाज संस्थान जोधपुर को छात्रावास हेतु रकबा 1000 वर्गमीटर भूमि आरक्षित दर की 50 प्रतिशत राशि पर आवंटित करने की अभिशंषा सहित प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाया जावे। | उपायुक्त जोन–5 |
| 02. | राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात प्राधिकरण की जी.आई.एस. लेब में कमिटमेन्ट दर्ज किया जावे। | निदेशक आयोजना |



Scanned with OKEN Scanner

प्रस्ताव संख्या 4 :: **ग्राम बडली के खसरा संख्या 05 में भैरूनाथ गौशाला हेतु रकबा 60 बीघा भूमि आवंटन बाबत्।**

| क.स. | **प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा** | **प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव** |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | ग्राम बडली के खसरा संख्या 05 में भैरूनाथ गौशाला हेतु भूमि आवंटन की अभिशंषा की गई है। |

अध्यक्ष, श्री भैरूनाथ गौशाला एवं पर्यावरण विकास सेवा समिति, बडली, जोधपुर द्वारा आवंटन नीति–2015 के प्रावधानों के अनुरूप प्रपत्र–अ एवं परिशिष्ट–1, शपथ पत्र मय चैक लिस्ट में आवेदन पेश कर ग्राम बडली के खसरा संख्या 05 में भैरूनाथ गौशाला हेतु रकबा 60 बीघा भूमि आवंटन की मांग की गई है।

ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में समाजो/संस्थानो के लिए प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 23.01.2023 के प्रस्ताव संख्या 05 के निर्णयानुसार भूमि चिन्हित करने का निर्णय लिया गया। ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में भूमि आवंटन हेतु निम्न शाखा की रिपोर्ट ली गयी जो निम्नानुसार हैः–

पटवारी की रिपोर्ट अनुसार ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 रकबा 521–15 बीघा किस्म गै.मु. छीतर में से जरिये नम्बर 689 दिनांक 18.02.2005 द्वारा 481–15 बीघा भूमि नगर सुधार न्यास जोधपुर के नाम दर्ज हुई।

विधि शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरे में विभिन्न वाद लंबित है परन्तु कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 23.01.2023 में निदेशक विधि द्वारा अवगत करवाया गया कि प्रश्नगत खसरे की भूमि के संबंध में मात्र नोटिस प्राप्त हुआ है तथा स्थगन आदेश नही है।

उजर एतराज हेतु प्राधिकरण की वेबसाईट पर दिनांक 24.04.2023 को अपलोड किया गया। अपलोड समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।

अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट अनुसार ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 कुल रकबा 521–15 बीघा भूमि की पत्रावली अवाप्ति शाखा में विचाराधीन नही है।

आयोजना शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त भूमि का भू–उपयोग एम.डी.पी–2031 अनुसार festival city/ tourist facilites में आरक्षित है MDP-2031 DCR अनुसार उक्त भू–उपयोग में 18 मी. व अधिक मार्गाधिकार में cultural center, religious buildings, community center etc. अनुज्ञेय हैं।

भूमि आवंटन नीति–2015 में गौशाला प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन का कोई प्रावधान नही है।

अतः ग्राम बडली के खसरा संख्या 5 में श्री भैरूनाथ एवं पर्यावरण विकास सेवा समिति, बडली, जोधपुर को गौशाला हेतु रकबा 60 बीघा (97,121 वर्गमीटर ) भूमि आवंटन हेतु प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाए जाने वास्ते प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पति निस्तारण समिति के समक्ष उचित निर्णयार्थ पेश है।



Scanned with OKEN Scanner

## निर्णय

अध्यक्ष, श्री भैरूनाथ गौशाला एवं पर्यावरण विकास सेवा समिति, बडली, जोधपुर द्वारा आवंटन नीति–2015 के प्रावधानों के अनुरूप प्रपत्र–अ एवं परिशिष्ट–1, शपथ पत्र मय चैक लिस्ट में आवेदन पेश कर ग्राम बडली के खसरा संख्या 05 में भैरूनाथ गौशाला हेतु रकबा 60 बीघा भूमि निःशुल्क आवंटन की मांग की गई है।

| क्र.स | निर्णय | जिनके द्वारा पालना की जानी है। |
|---|---|---|
| 01. | ग्राम बडली के खसरा संख्या 05 में भैरूनाथ गौशाला हेतु रकबा 60 बीघा भूमि आरक्षित दर की 50 प्रतिशत राशि पर आवंटित करने की अभिशंषा सहित प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाया जावे। | उपायुक्त जोन–5 |
| 02. | राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात प्राधिकरण की जी.आई.एस. लेब में कमिटमेन्ट दर्ज किया जावे। | निदेशक आयोजना |

तत्पश्चात् बैठक सधन्यावद समाप्त हुई।

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

क्रमांक /बैठक/2023/2479-84 दिनांकः– 14.08.2023

प्रतिलिपी वास्ते सचूनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1 निजी सचिव, अध्यक्ष/ आयुक्त महोदय ,जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर
2 निजी सचिव, सचिव महोदय , जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर
3 निदेशक, अभियांत्रिकी/आयोजना/विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
4 उपायुक्त–जोन 1/2/3/4/5/6, उप सचिव ,जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
5 सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
6 ....................................................................................................

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर



Scanned with OKEN Scanner

**परिशिष्ट –1**

श्री देवेन्द्र कुमार, आयुक्त, जोधपुर विकास , प्राधिकरण , जोधपुर की अध्यक्षता में दिनांक 07 अगस्त , 2023 को सांय 04:00 बजे आयोजित भूमि निस्तारण समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण निम्नानुसार हैः–

01. श्री देवेन्द्र कुमार, आयुक्त , जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर ।
02. श्री जय नारायण मीणा, सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
03. श्री श्रवण सिंह , उपायुक्त जोन–3/4 जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
04. श्री प्रकाशचन्द्र अग्रवाल, उपायुक्त जोन –5 , जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
05. श्री महेन्द्र चौधरी , निदेशक आयोजना, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
06. श्री महेन्द्र सिंह पंवार , निदेशक अभियान्त्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
07. श्री जगदीश प्रसाद, निदेशक विधि ,जोधपुर विकास प्राधिकरण ,जोधपुर



Scanned with OKEN Scanner